पृष्ठ संख्या : 2
प्रश्न संख्या : 29

MAS-19

अर्द्धवार्षिक परीक्षा, 2021-22

राजनीतिक विज्ञान

समय : 2.45 घण्टे] **कक्षा-11** **[पूर्णांक : 48**

1. लोकतान्त्रिक संविधानों में कानून के निर्माण का निर्णय लिया जाता है— 1

   (क) राजा द्वारा (ख) साम्यवादी पार्टी द्वारा
   (ग) जन प्रतिनिधियों द्वारा (घ) न्यायपालिका द्वारा

2. किस आदेश के द्वारा न्यायालय किसी गिरफ्तार व्यक्ति को न्यायालय के सामने प्रस्तुत करने का आदेश देता है— 1

   (क) बंदी प्रत्यक्षीकरण (ख) उत्प्रेषण लेख
   (ग) परमादेश (घ) अधिकार पृच्छा

3. भारतीय पुलिस सेवा निम्न में से किसके अन्तर्गत आती है— 1

   (क) अखिल भारतीय सेवाएँ (ख) केन्द्रीय सेवाएँ
   (ग) प्रान्तीय सेवाएँ (घ) स्थानीय स्वशासन की सेवाएँ

4. संसद के दो अधिवेशनों के बीच अधिकतम समयान्तर होता है— 1

   (क) 3 मास (ख) 5 मास
   (स) 1 वर्ष (घ) 6 माह

5. 'द रिपब्लिक' पुस्तक का लेखक है— 1

   (क) सुकरात (ख) प्लेटो
   (ग) सेफलस (घ) ग्लाइकॉन

रिक्त स्थानों की पूर्ति करें—

6. अधिकतर संविधान कुछ .... अधिकारों की रक्षा करते हैं। 1
7. संविधान में नीति निर्देशक तत्वों को .... के माध्यम से लागू करवाने की व्यवस्था नहीं की गई है। 1
8. परिस्थितियों के मद्देनजर संविधान में दिए गये .... की निरन्तर पुन व्याख्या की जा रही है। 1
9. .... मेरा जन्म सिद्ध अधिकार है और मैं इसे लेकर रहूँगा। 1
10. फ्रांसीसी क्रान्तिकारियों का नारा था—स्वतन्त्रता, ... और भाई चारा। 1

P.T.O.

Scanned with CamScanner

निम्नलिखित में से सत्य/असत्य कथन छाँटिये—

11. भारतीय संविधान सभा की रचना 1935 के संविधान की प्रस्तावना के आधार पर हुई। (सत्य/असत्य) 1

12. संसद कानून बनाकर मौलिक अधिकारों को परिवर्तित कर सकती है। (सत्य/असत्य) 1

13. राजनीति किसी भी तरीके से निजी स्वार्थ साधने की कला है। (सत्य/असत्य) 1

14. व्यक्ति पर बाहरी प्रतिबन्धों का अभाव ही स्वतन्त्रता है। (सत्य/असत्य) 1

अति लघु उत्तरात्मक प्रश्न—

15. सामान्यतः मूल अधिकारों को कब सीमित किया जा सकता है? 1

16. निवारक नजरबन्दी किसे कहते हैं? 1

17. संसदीय कार्यपालिका वाले किन्हीं दो देशों के नाम लिखिए। 1

18. राज्यपाल की नियुक्ति किसके द्वारा की जाती है? 1

19. द सेटानिक वर्सेस पुस्तक के लेखक का नाम लिखिये। 1

लघु उत्तरात्मक प्रश्न—

20. समता के अधिकार में कौन-कौन से अधिकार सम्मिलित हैं? 2

21. भारत के राष्ट्रपति की स्थिति को स्पष्ट कीज़िए। 2

22. भारत में वास्तविक कार्यपालिका कौन है? 2

23. राजनीतिक सिद्धान्त क्यों प्रासंगिक है? कोई दो तर्क दीजिए। 2

24. हानि का सिद्धान्त क्या है? 2

25. आर्थिक समानता से क्या आशय है? 2

26. समानता को लोकतंत्र की आधारशिला क्यों कहा गया है? 2

निबन्धात्मक प्रश्न—

27. भारतीय संसद के गठन एवं शक्तियों का वर्णन कीजिए। 5

अथवा

भारत के प्रधानमंत्री की शक्तियों, कार्यों तथा स्थिति का विवेचन कीजिए।

28. अधिकार किसे कहते हैं? इसकी विशेषताओं का वर्णन कीजिए। 5

अथवा

भारतीय नागरिकता की समाप्ति कितने प्रकार से हो सकती है? 5

29. संविधान से आप क्या समझते हैं? हमें संविधान की क्यों आवश्यकता है। 5

अथवा

अभिव्यक्ति की स्वतन्त्रता के सम्बन्ध में जॉन स्टुअर्ट मिल के विचारों को स्पष्ट कीजिए।

Scanned with CamScanner